## भानपुरा नगर परिषद में दो सीएमओ नियुक्त किए जाने से नगर परिषद अध्यक्ष भी अंसमजस की स्थिति में

**भानपुरा इन्दौर समाचार।** नगर परिषद भानपुरा में पहले तो 15 जुन से 2 जुलाई तक नगर पालिका अधिकारी का पद रिक्त था। ओर फिर 2 जुलाई को संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन एवं विकास उज्जैन का आदेश क्रमांक 3/72 से यह आदेश प्राप्त हुआ कि रिक्त पड़े पद पर गरोठ नगर पालिका अधिकारी गिरीश शर्मा को भानपुरा नगर पालिका अधिकारी का अतिरिक्त प्रभार दिया जाता है। अगले आदेश तक ओर गिरीश शर्मा ने 2 जुलाई को ही चार्ज ले लिया। और अध्यक्ष ने उन्हें जो भी प्रक्रिया थी पुरी कराई ओर गिरीश शर्मा ने पदभार संभालते ही जुन माह का वेतन भी निकाला। यह सब हुआ ही था कि, जिला कलेक्टर कार्यालय मन्दसौर से अपर कलेक्टर एकता जायसवाल के हस्ताक्षर से एक पत्र जो 1 जुलाई का आदेश का पत्र जिसमें अतिरिक्त कलेक्टर रोहित राणावत को मुख्य नगर पालिका अधिकारी नियुक्त की आदेश दिया। पर यह पत्र 3 जुलाई कि शाम 4.45 बजे भानपुरा तहसील का एक कर्मचारी नगर परिषद के संबंधित कर्मचारी को दे गया। और फिर 4 जुलाई को रोहित राणावत ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। अब स्थिति विकट हो गई जिनके पास चार्ज हे उन्होंने कलेक्टर के आदेश के कारण आने से मना कर दिया ओर अधिकार उनके पास है। इस पर नगर परिषद अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया ने जिला कलेक्टर मन्दसौर, संयुक्त संचालक नगरीय प्रशासन विभाग को पत्र लिखकर मार्ग दर्शन मांगा है। इधर बारिश के मौसम में कार्य प्रभावित हो रहा है। जल्द से जल्द उच्च अधिकारी इस पर निर्णय ले। अध्यक्ष विनोद शिव भानपिया ने कहा कि पहले जो आदेश हमें मिला उसका हमने पालन करते हुए गिरीश शर्मा को चार्ज दिया। दुसरा आदेश एक दिन बाद मिला अब दो नगर पालिका अधिकारी नियुक्त होने के बाद भी पद रिक्त पढा है इससे मुलभुत सुविधाओं पर असर पढ रहा है। तत्काल इसका निराकरण हो। इस संबंध में हमने उच्च अधिकारियों से आवश्यक दिशा निर्देश मांगे हैं लेकिन अभी तक हमें प्राप्त नहीं हुए। परिवीक्षाधीन डिप्टी कलेक्टर रोहित राणावत ने इस संबंध में बताया कि 1 जुलाई को जिला कलेक्टर मंदसौर के आदेशानुसार मुख्य नगर पालिका अधिकारी भानपुरा का प्रभार का आदेश मुझे 1 जुलाई को व्हाट्सएप पर मिला। उस दौरान में भोपाल में था। आदेश की पालना को लेकर में शनिवार 4 जुलाई को दोपहर बाद नगर परिषद भानपुरा कार्यालय में उपस्थित होकर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। नगर परिषद भानपुरा कार्यालय में मुझे जानकारी मिली कि मुझे से पूर्व यहां गिरीश शर्मा को चार्ज दिया जा चुका था। मुझे वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश का पालन करना है। प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी गिरीश शर्मा ने इस संबंध में बताया कि वरिष्ठ अधिकारी का मुख्य नगर पालिका अधिकारी पद पर नियुक्ति आदेश हुए हैं। वह उच्च अधिकारी हैं। एवं इनकी प्रभारी मुख्य नगरपालिका अधिकारी पद पर जिला कलेक्टर के आदेश से इनकी नियुक्ति हुई है। मुझे जो भी आदेश मिलेगा पालन करूंगा।

## वाहन चैकींग के दौरान पुलिस थाना भावगढ ने मोटर सायकल से अवैध मादक पदार्थ डोडा चुरा ले जाते दो आरोपी को पकड़ा



**नाहरगढ तुलसीराम राठौड़।** थाना भावगढ द्वारा अवैध नशीले पदार्थ पीसा हुआ डोडाचुरा को जप्त कर 02आरोपीगण को गिरफ्तार करने मे सफलता प्राप्त की है। घटना विवरण दिनांक 12.07. 2026 को भावगढ दलोदा रोड पर वाहन चैकिग मे एक बजाज कम्पनी की ष्ट्ञ्ज 100 मोटर सायकल क्रमाक स्क्क44 रू5749 आते हुए दिखी, उक्त दोनो व्यक्तियों ने अपनी मोटरसायकल पर एक दूसरे के बीच मे एक सफेद रंग का प्लास्टिक का कट्टा रख रखा था जो चालक वाहन चैकिग को देख कर अपनी मो.सा. को लेकर भगाने लगा जिसे हमराह फोर्स की मदद से रोका व चालक से नाम पता पुछते उसने अपना नाम लखन पिता गोपाल सुर्यवंशी उम्र 22 वर्ष निवासी मजेसरी थाना भावगढ जिला मन्दसौर का होना बताया तथा पीछे बैठे व्यक्ति ने अपना नाम जीवन पिता पन्नालाल सुर्यवंशी उम्र 28 वर्ष निवासी मजेसरी थाना भावगढ जिला मन्दसौर का होना बताया जो दोनो को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से 25 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ पीसा हुआ डोडाचुरा जप्त कर आरोपीयो से पुछताछ मे बताया की प्रहलाद पिता गोपाल सुर्यवंशी निवासी मजेसरी द्वारा देना बताया जिसे भी प्रकरण मे आरोपी बनाया गया है व अपराध क्रमांक 131/2026 धारा 8/,15,29 एनडीपीएस एक्ट का पंजीबद्ध किया गया । गिरफ्तार दो आरोपी लखन पिता गोपाल सुर्यवंशी उम्र 22 वर्ष निवासी मजेसरी थाना भावगढ व जीवन पिता पन्नालाल सुर्यवंशी उम्र 28 वर्ष निवासी मजेसरी थाना भावगढ तथा फरार आरोपी प्रहलाद पिता गोपाल सुर्यवंशी निवासी मजेसरी थाना भावगढ जिला मन्दसौर जप्त मश्रुका अवैध मादक पदार्थ पीसा हुआ डोडाचुरा 25 किलोग्राम किमती 40 हजार रूपये, मो.सा क्रमाक स्क्क44 रू5749 किमती 50 हजार रूपये , विवो कम्पनी का मोबाईल किमती 10 हजार रूपये व औपो कम्पनी का मोबाईल किमती 10 हजार रूपये और कुल जप्त मश्रुका 1 लाख 10 हजार रुपये। सराहनीय कार्य निरीक्षक वरसिह कटारा , उनि सुरेनद्रसिह सिसोदिया, प्रआऱ 196 औम प्रकाश चौहान , प्रआर 141 राजपालसिंह ,आर 85 सुरेन्द्रसिह , आर 525 शुभमसिह बुन्देला ,आर 355 करणसिंह का योगदान रहा ।

## शूटिंग प्रतियोगिता में दादा पोते ने पाई सफलता




**मंदसौर।** प्रदेश की राजधानी भोपाल में आयोजित 16वीं स्टेट शूटिंग चैम्पियनशिप में मंदसौर के ग्रैंडी परिवार ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा का परिचय देते हुए जिले का नाम रोशन किया। परिवार के 65 वर्षीय क्रिस्टोफर ग्रैंडी ने डबल ट्रैप स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीतकर शानदार उपलब्धि हासिल की, वहीं मात्र 14 वर्षीय केनीथ ग्रैंडी ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए प्री-नेशनल शूटिंग चैम्पियनशिप के लिए क्वालीफाई किया।

दोनों खिलाड़ियों ने अपनी इस सफलता का श्रेय राष्ट्रीय शूटर एवं आईएसएसएफ सर्टिफाइड कोच स्टेनली ग्रैंडी के मार्गदर्शन और प्रशिक्षण को दिया। ग्रैंडी परिवार पिछले तीन पीढ़ियों से शूटिंग खेल की गौरवशाली परंपरा को आगे बढ़ाते हुए लगातार राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहा है।

# दरगाह, कब्रिस्तान और कोर्ट परिसर के पास डॉग शेल्टर बनाने के फैसले पर पुनर्विचार की मांग

**मंदसौर इन्दौर समाचार।।** नगर पालिका परिषद द्वारा हजरत तोडे वाले बाबा दरगाह, प्राचीन कब्रिस्तान एव तोपवाले बालाजी एंव न्यायालय परिसर के समीप प्रस्तावित डॉग शेल्टर बनाए जाने के निर्णय का विरोध तेज हो गया है। नेता प्रतिपक्ष सहित कई पार्षदों ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर इस निर्णय पर पुनर्विचार करते हुए डॉग शेल्टर को अन्य उपयुक्त स्थान पर स्थानांतरित करने की मांग की है।ज्ञापन में कहा गया है कि प्रस्तावित स्थान धार्मिक, सामाजिक और शैक्षणिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण है। यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु प्रतिदिन दरगाह और कब्रिस्तान में दर्शन एवं इबादत के लिए पहुंचते हैं। ऐसे संवेदनशील क्षेत्र में डॉग शेल्टर स्थापित करने से लोगों की धार्मिक भावनाएं प्रभावित हो सकती हैं । ज्ञापन में यह भी उल्लेख किया गया कि जिस स्थान का चयन किया गया है,वहां पूर्व में प्राथमिक विद्यालय संचालित होता था और यह क्षेत्र



लंबे समय तक शिक्षा एवं जनहित से जुड़े कार्यों का केंद्र रहा है । वही इस जगह पर चुनाव के वक्त चार मतदान केंद्र भी यहां होते हे । इसलिए इस भूमि का उपयोग सामाजिक और सार्वजनिक हित के कार्यों के लिए किया जाना अधिक उचित होगा।पार्षदों ने नगर पालिका प्रशासन से मांग की है कि डॉग शेल्टर के लिए शहर में किसी अन्य उपयुक्त स्थान का चयन किया जाए। साथ ही स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और संबंधित पक्षों से चर्चा कर सर्वसम्मति से निर्णय लेने की बात भी कही गई है । ज्ञापन देते वक्त नेता प्रतिपक्ष श्रीमती रफत पयामी के साथ वार्ड क्रमांक 14 की पार्षद प्रतिनिधी नियाज अहमद,वार्ड क्रमांक 15 के पार्षद शाहिद मेव, वार्ड क्रमांक 24 की पार्षद प्रतिनिधी शहजाद पटेल, वार्ड क्रमांक 27 की पार्षद प्रतिनिधी साबिर हुसैन,वार्ड क्रमांक 28 की पार्षद प्रतिनिधी आरिफ अन्सारी,वार्ड क्रमांक 30 की पार्षद प्रतिनिधी यूसुफ गोरी व वार्ड क्रमांक 34 के पार्षद शराफ़त शेख आदि सभी पार्षद इस अवसर पर उपस्थित थे वही सभी पार्षदों के हस्ताक्षर भी इस ज्ञापन पर दर्ज हैं । सभी पार्षदगण ने नगर पालिका प्रशासन से अपेक्षा की गई है कि जनभावनाओं का सम्मान करते हुए प्रस्तावित स्थल के चयन पर पुनर्विचार किया जाए ।

# जिला कांग्रेस ने पंचायत एवं वार्ड कमेटियों के सत्यापन हेतु ब्लॉकवार प्रभारी नियुक्त किए

**मंदसौर इन्दौर समाचार।** संगठन को बूथ एवं पंचायत स्तर तक अधिक सशक्त, सक्रिय और प्रभावी बनाने की दिशा में जिला कांग्रेस कमेटी ने महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए नवगठित ग्राम पंचायत एवं वार्ड कांग्रेस कमेटियों के भौतिक सत्यापन हेतु ब्लॉकवार प्रभारियों की नियुक्ति की है। नियुक्त प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में जाकर समितियों का सत्यापन कर 25 जुलाई 2026 तक अपनी रिपोर्ट जिला कांग्रेस कमेटी को प्रस्तुत करेंगे।

यह जानकारी जिला कांग्रेस कमेटी के संगठन महासचिव श्री अजय लोढ़ा ने देते हुए बताया कि यह निर्णय अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मध्यप्रदेश प्रभारी श्री हरीश चौधरी के निर्देशानुसार, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री जीतू पटवारी, प्रदेश संगठन महासचिव श्री संजय कामले, जिला प्रभारी श्री सदाशिव यादव एवं जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष श्री महेन्द्र सिंह गुर्जर की सहमति से लिया गया है।

उन्होंने बताया कि सत्यापन अभियान का उद्देश्य संगठनात्मक ढांचे को और अधिक मजबूत करना, नवगठित पंचायत एवं वार्ड कमेटियों की सक्रियता का आकलन करना तथा संगठन को जमीनी स्तर पर प्रभावी बनाना है।

ब्लॉकवार नियुक्त प्रभारियों में मंदसौर शहर हेतु श्री मोहम्मद हनीफ शेख एवं श्री अनिल शर्मा, मंदसौर ग्रामीण हेतु श्री बसंतीलाल कुमावत एवं श्री यूनुस मेव, दलौदा हेतु श्री शक्तिदान सिंह सिसौदिया एवं श्री असगर मेव, धुंधड़का हेतु श्री बालेश्वर पाटीदार एवं श्री धर्मेन्द्र शर्मा, मल्हारगढ़ हेतु श्री प्रवीण मांगरिया ,श्री गणपतलाल पंवार, संजीत हेतु श्री तुलसीराम पाटीदार एवं श्री आदित्य पाटिल, सीतामऊ हेतु श्री श्याम सिंह चौहान एवं श्री ईश्वर सूर्यवंशी, कयामपुर हेतु श्री सुरेश पाटीदार एवं श्री अजय मारू, सुवासरा हेतु श्री कमलेश जायसवाल एवं श्री समरथ गुर्जर, मेलखेड़ा हेतु श्री सुभाष बागड़ी एवं श्री पंकज मुजावदिया, शामगढ़ हेतु श्री कर्मवीर सिंह भाटी एवं श्री अनुप व्यास, गरोठ हेतु श्री भुवानीशंकर धाकड़ एवं श्री राकेश सिंघवी तथा भानपुरा हेतु श्री सलीम अफगानी एवं श्री करण सिंह रावत को प्रभारी नियुक्त किया गया है।

जिला कांग्रेस कमेटी संगठन महासचिव अजय लोढ़ा ने सभी नियुक्त प्रभारियों से निर्धारित समय-सीमा में ग्राम पंचायत एवं वार्ड कांग्रेस कमेटियों का निष्पक्ष एवं प्रभावी भौतिक सत्यापन कर विस्तृत प्रतिवेदन प्रस्तुत करने का आग्रह किया है।

## श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर घाट पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं की मांग,



**मंदसौर।** श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर के शिवना तट स्थित घाट पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं कराने की मांग उठाई गई है। धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण इस घाट पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु स्नान, पूजा-अर्चना एवं धार्मिक कर्मकांड के लिए पहुंचते हैं। पं.श्रीकृष्णवल्लभ शास्त्री (मालवा स्वामी) संस्थापक भागवत विचार संस्थान मंदसौर ने सांसद, विधायक, जिला प्रशासन एवं कलेक्टर एवं अध्यक्ष श्री पशुपतिनाथ मंदिर प्रबंध समिति मंदसौर से श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए मांग की गई है कि घाट पर स्नान एवं पेयजल के लिए नल की व्यवस्था कराई जाए। इसके साथ ही श्रद्धालुओं के बैठने वाले स्थानों पर धूप और बारिश से बचाव के लिए छायादार शेड का निर्माण कराया जाए। उन्होने कहा कि घाट क्षेत्र में स्वच्छता एवं सुविधा को ध्यान में रखते हुए सड़क के दुसरी और सार्वजनिक शौचालय की व्यवस्था करने तथा महिलाओं के लिए वस्त्र बदलने हेतु सुरक्षित चेंजिंग रूम शेड का निर्माण कराने की भी मांग की गई है। पं.शास्त्री ने श्रद्धालुओं का कहना है कि श्री पशुपतिनाथ महादेव मंदिर क्षेत्र की धार्मिक महत्ता को देखते हुए इन मूलभूत सुविधाओं का शीघ्र विकास किया जाना आवश्यक है, जिससे देश-प्रदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा मिल सके।

## कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर के लिए मध्यप्रदेश से सुल्तान सिंह गुर्जर का चयन

**शामगढ़( सुनील काला)।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी द्वारा राजस्थान के ब्यावर में 22 जुलाई से 26 जुलाई 2026 तक आयोजित होने वाले विशेष प्रशिक्षण शिविर 'मेरा घर, मेरा संगम' के लिए ओबीसी कांग्रेस के नेशनल कॉर्डिनेटर सुल्तान सिंह गुर्जर (सुवासरा) का चयन किया गया है। उल्लेखनीय है कि इस प्रशिक्षण शिविर में देशभर से केवल 14 प्रतिभागियों का चयन किया गया है, जिनमें मध्यप्रदेश से सुल्तान सिंह गुर्जर एकमात्र प्रतिनिधि होंगे।




सुल्तान सिंह गुर्जर ने अपने चयन पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी,ओबीसी कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अनिल कुमार यादव, तेलंगाना प्रदेश प्रभारी एवं पूर्व सांसद मीनाक्षी नटराजन, मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी,द्व तथा पूर्व नेता प्रतिपक्ष एवं चुरहट विधायक श्री अजय सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि पार्टी नेतृत्व द्वारा दिए गए इस अवसर से उन्हें संगठन की विचारधारा, जनसंपर्क एवं नेतृत्व क्षमता को और अधिक मजबूत करने का अवसर मिलेगा। सुल्तान सिंह गुर्जर ने कहा कि प्रशिक्षण शिविर से प्राप्त अनुभवों का उपयोग वे संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक सशक्त बनाने में करेंगे।

उन्होंने अपने चयन को पार्टी नेतृत्व के विश्वास और कार्यकर्ताओं के सहयोग का परिणाम बताते हुए कांग्रेस हाईकमान का आभार व्यक्त किया। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उन्हें बधाई दी है।

## शासकीय प्राथमिक विद्यालय उदपुरा में बाल कैबिनेट का गठन.

**उदपुरा।** विद्यार्थियों में नेतृत्व क्षमता, अनुशासन, उत्तरदायित्व एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के विकास के उद्देश्य से शासकीय प्राथमिक विद्यालय उदपुरा में बाल कैबिनेट का गठन किया गया।

कार्यक्रम में संकुल प्राचार्य श्री राम प्रसाद वैष्णव, जन शिक्षक श्री प्रकाश दास बैरागी, संस्था प्रभारी श्री करणनाथ भाटी, श्रीमती विद्यावती तिवारी तथा समाजसेवी श्री रमेश धनगर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने विद्यार्थियों को बाल कैबिनेट के महत्व एवं उनके दायित्वों की जानकारी देते हुए निष्ठा और ईमानदारी से कार्य करने की प्रेरणा दी।



बाल कैबिनेट में कुमारी दिव्यांशु संदीप दास बैरागी को प्रधानमंत्री, समर राहुल परमार को शिक्षा मंत्री, कु. हर्षिता को खेल मंत्री, कु. अनुष्का को अनुशासन एवं कर्तव्यनिष्ठा मंत्री, कु. दिव्यांशी को संस्कृति मंत्री, कु. हर्षिता को पर्यावरण एवं पेड़-पौधों के रखरखाव मंत्री, कुमारी अर्पिता को खाद्य मंत्री, भविष्य एवं पीयूष को विद्यालय परिसर स्वच्छता प्रभारी, युवराज एवं कु. अर्पिता को पुस्तकालय प्रभारी तथा कु. अंजलि एवं शीतल को प्रार्थना सभा प्रभारी का दायित्व सौंपा गया।

कार्यक्रम के अंत में नवनियुक्त बाल कैबिनेट के सदस्यों ने अपने दायित्वों का ईमानदारी एवं समर्पण के साथ निर्वहन करने का संकल्प लिया। संस्था परिवार ने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### संस्कार भारती सम्पूर्ण कला जगत का राष्ट्रव्यापी संगठन है – श्री सतीश दवे

# संघ के 100 वर्ष की यात्रा पर आधारित सिद्धवट नाटिका की शानदार प्रस्तुति रही

**मंदसौर इन्दौर समाचार ।** संस्कार भारती जिला इकाई मंदसौर द्वारा सरस्वती स्कूल, केशव नगर के सभागार में मालवा प्रांत के प्रांतीय उपाध्यक्ष श्री सतीश दवे की गरिमामय उपस्थिति में साधारण सभा की वार्षिक बैठक संपन्न हुई. बैठक में श्री प्रवीण मिंडा एवं संस्था के अध्यक्ष श्री कन्हैया देशमुख भी मंचस्थ थे. इस अवसर पर उज्जैन से आए दल परिष्कृति सामाजिक सांस्कृतिक संस्था ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के 100 वर्ष पूर्ण होने की यात्रा पर आधारित ''सिद्धवट'' लघु नाटिका की प्रस्तुति दी. जिसे उपस्थित सभी ने खूब सराहा. प्रस्तुति में सजीव चित्रण दर्शाया गया मानो अभी हाल ही में पूरा घटनाक्रम आंखों के सामने चल रहा हो.

इस अवसर पर संस्कार भारती मालवा प्रांत के उपाध्यक्ष श्री दवे ने कहा कि भारतीय कला और साहित्य की परंपरा अनमोल है. कला केवल मनोरंजन का नहीं अपितु सामाजिक प्रबोधन और सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम है. इस विचार को आगे ले जाने का कार्य पूरे देश में संस्कार भारती द्वारा किया जा रहा है. श्री दवे ने कहा कि संस्कार भारती का मानना है कि भारत की कलाएं प्रवाही है और समय के साथ नया रूप लेकर प्रकट होती है आज के आधुनिक काल में तकनीक के साथ विकसित होने वाली अनेक कलाओं ने समाज में और विशेष कर युवाओं में लोकप्रियता हासिल की है.

संस्कार भारती के जिलाध्यक्ष श्री कन्हैया देशमुख ने संस्कार भारती द्वारा मंदसौर जिले में किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए कहा कि कला सिर्फ एक ही प्रकार की नहीं होती है विविध प्रकार की कलाएं होती है. मंचीय कला, दृश्य कला,




लोक कला, साहित्य कला सहित अन्य कला होती हैं अनेक लुप्त होती कला को पुनर्जीवित करने के लिए भी संस्कार भारती अग्रसर है

वरिष्ठ पत्रकार श्री बृजेश जोशी ने कहा कि कला और साहित्य का संबंध आपस में गहरा है मंदसौर शहर में संस्कार भारती के माध्यम से जो नए नवाचार किये जा रहे है इसका लाभ युवा पीढ़ी को जरूर मिलेगा. आपने कहा कि मंदसौर की माटी का सामाजिक समरसता के क्षेत्र में पूरे देश में अनुकरणीय उदाहरण है यहां पर बगैर भेदभाव के सभी एक साथ अच्छे कार्य में जुड़ जाते हैं.

संस्कार भारती के जिला उपाध्यक्ष श्री नरेंद्र अग्रवाल ने कहा कि आने वाली युवा पीढ़ी को संस्कारों से जोड़ने का कार्य संस्कार भारती द्वारा किया जा रहा है. मंदसौर में अग्रवाल समाज ने भी नया नवाचार करते हुए नरसिंहपुरा क्षेत्र में श्री लक्ष्मी नरसिंह मंदिर परिसर में प्रति रविवार को समाज के नौनिहाल बच्चों को संस्कार पाठशाला के माध्यम से सामाजिक एवं धार्मिक शिक्षा दी जा रही है. जो आने वाले समय में एक मील का पत्थर साबित होगी. इस अवसर पर श्री अरविंद बोथरा एवं श्री शैलेन्द्र आचार्य ने भी अपने विचार रखे.

कार्यक्रम में नगर के वरिष्ठ मूर्तिकार श्री मोहनलाल जी सैनी का शाल श्रीफल से सम्मान किया गया. यतीन्द्र भाटी ने संस्कार भारती का ध्येय गीत प्रस्तुत किया. कार्यक्रम के अंत में श्रीमती यशोदा चौहान ने वन्दे मातरम का गायन किया.

कार्यक्रम में प्रमुखरूप से प्रान्त के घुमंतू कार्य प्रचारक श्री रविप्रतापसिंह बुंदेला, रामेश्वर धाकड़, समाजसेवी कन्हैयालाल सोनगरा, भारतीय शिक्षण मंडल से श्यामसुंदर देशमुख, पूर्व न्यायाधीश रघुवीरसिंह चुण्डावत, घुमंतू कार्य से प्रान्त टोली से विनोद मेहता, घुमंतू कार्य मातृशक्ति प्रमुख सुनीता देशमुख, श्रीमती पाटीदार, राजेद्र चाष्टा, किशोर न्याय बोर्ड से श्यामसुंदर चौधरी, जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष मदनलाल राठोर, वरिष्ठ पत्रकार घनश्याम बटवाल, साहित्यकार कवि नंदकिशोर राठोर, क्षितिज पुरोहित, रामनारायण कनोजिया, प्रदीप भाटी, रूपनारायण मोदी, मनीष पाटीदार, योग गुष्ठ बंशीलाल टांक, गोविन्द धनोतिया, सुरेन्द्र रामावत, अशोक सोनी, अशोक मारू, रामगोपाल देशमुख, शिवरमन पाटीदार, फ़िल्मकार प्रदीप शर्मा, प्यानो आर्टिस्ट एश्वर्य देशमुख, चित्रकार राहुल राठोर, मूर्तिकार गनपत सैनी सहित बड़ी संख्या में संस्कार भारती के पदाधिकारी कार्यकर्त्ता उपस्थित थे. कार्यक्रम का संचालन संस्कार भारती के सह महामंत्री देवीलाल सुनार्थी ने किया तथा आभार उपाध्यक्ष योगेश याज्ञनिक ने किया.